में कुछ ऐसे कर्मचारी हैं जो संस्कृत में शास्त्री तथा साहित्य रत्न हैं, किन्तु अंग्रेजी न जानने के कारण पिछले 18–20 वर्षों में चतुर्थ श्रेणी के कमचारियों के रूप में कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है; और

(ग) ऊंचे पदों पर उनकी पदोन्नति करने के लिये क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग) सूचना मंगायी जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

गुना-माक्सी रेलवे परियोजना

8044. **श्री टी० पी० शाह :**
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुना-माक्सी रेलवे परियोजना पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) पिछले दो वर्षों में सेवा से हटाये गये मजदूरों की, वर्गवार, संख्या कितनी है; और

(ग) उन्हें हटाये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) 130 .

(ख) शून्य । लेकिन कुछ अस्थायी निर्माण कर्मचारियों को कार्यमुक्त करना पड़ा ।

(ग) निर्माण-कार्य का पूरा हो जाना ।

Export of Salt

8045. **Shri S. K. Sambandhan:** Will the Minister of **Commerce** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 5756 on the 14th July, 1967 and state:

(a) the quantity of salt exported from each of the ports in the country;

(b) whether there was any complaint from any foreign buyer about the quality of the salt exported from any port; and

(c) if so, the action taken by Government in this regard?

The Minister of Commerce (Shri Dinesh Singh): (a) The quantities of salt exported from each of the ports in the country against the last contract dated 30th September, 1966 are as follows:

Ports	Quantity (in M/Tons) shipped upto June, 1967
1. Navlakhi . .	38,865
2. Jakharu . .	15,358
3. Salaya . .	14,332
4. Kandla . .	46,767
5. Bedi/Jamnagar .	63,365
6. Jaffrabad . .	6,967
7. Mundra . .	21,422
8. P. A. Victor .	15,770
9. Porbandar .	15,126
10. Bherai . .	7,350
11. Sikka . .	8,504
TOTAL . .	253,826

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

रेलवे की आवश्यकता वाले पूंजीगत माल के निर्माण में मन्दी

8048. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे के पूंजीगत माल के निर्माण में 33 प्रतिशत कटौती की जाने के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के अधिकतर